हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 3 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

4 जून में हर दिन जिले में बनाए गए एक हजार आयुष्मान कार्ड, छूटे लोग कव्हर





छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा
इलेक्ट्रिशियन
हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
डीजल मैकेनिक
फायर टेक्नालॉजी
स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24

### अब उर्वरक, बीज व कीटनाशकों में भी मिलावट, विभागीय जांच में खुलासे

# कृषि में कीटनाशक व खाद का उपयोग बढ़ा तो बिकने लगे नकली उत्पाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कृषि के क्षेत्र में आई क्रांति के कारण उर्वरकों एवं कीटनाशकों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। अब किसान ज्यादातर फसलों में बुआई से लेकर फसल पकने तक उर्वरक एवं कीटनाशकों का बार.बार उपयोग करता है, वहीं उन्नत बीजों का उपयोग भी बढ़ा है। जिस प्रकार किसानों ने उन्नत बीज के साथ उर्वरक एवं कीटनाशकों का उपयोग बढ़ाया है, उसी अनुपात में जिले के शहरों एवं गांवों में खाद बीज की दुकानों की संख्या बढ़ी है। इनमें कई ऐसे भी हैं जो किसानों को नकली खाद, बीज व उर्वरक बेचकर न केवल चांदी कूट रहे हैं, बल्कि फसल उत्पादन भी प्रभावित कर रहे हैं।

हालांकि कृषि विभाग की टीमें लगातार जिले में निरीक्षण कर बीज, उर्वरक एवं कीटनाशकों के नमूने लेती हैं, लेकिन कुछ लोग दुकानों पर बेचने की बजाए वाहनों से गांव-गांव घूमकर भोले किसानों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। कृषि विभाग की टीमों की ओर से पिछले तीन साल में लिए गए कृषि आदानों के नमूनों में काफी संख्या में अमानक पाए गए हैं। इन्हें लेकर कृषि विभाग ने आदान विक्रेताओं के खिलाफ वाद दायर किया है।




#### अधिकृत विक्रेता से खरीदें, बिल जरूर लें

किसानों को बीज, कीटनाशक एवं उर्वरक ऑनलाइन नहीं खरीदना चाहिएए क्योंकि ऑनलाइन खरीद एवं गांवों में घूम.घूम कर बेचने वाले लोगों की ओर से नकली बीजए दवाई एवं उर्वरक देने की संभावना ज्यादा रहती है। इसके साथ कोई भी बीज, दवा या उर्वरक खरीदने से पहले किसान कृषि विभाग के कृषि विशेषज्ञ से सलाह अवश्य लें। अधिकृत विक्रेता से आदान खरीदें तथा पका बिल जरूर लें।

**अनिल शर्मा**, डीडीए, रायगढ़।

गौरतलब है कि बीते वर्ष खरीफ सीजन में किसानों को बेचे गए बीज के चारए जैविक खाद के आठ और कीटनाशक के दो सैंपल फेल पाए गए हैं। इससे पूर्व कृषि विभाग द्वारा बीज के कुल 134 सैंपल भेजे थे। जिसमें से चार अमानक मिले हैंए जबकि 2 सैंपल की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। वहीं अमानक पाए गए बीजों में चावल की फसल के हैं। ज्यादातर बीजों में निर्धारित समय में अंकुरण ही नहीं हुआ। इसी तरह कीटनाशक के 117 सैंपल लिए गए हैं, जिसमें से 47 की ही रिपोर्ट अब तक आई है। जिसमें से दो सैंपल फेल हो गए हैं। इसी तरह जैविक खाद के 40 सैंपल लिए गए थे। जिसमें से आठ सैंपल फेल हो गए हैं और अभी तक 14 की रिपोर्ट नहीं आई है। जिस प्रकार खाद्य पदार्थों में मिलावटखोर मिलावट कर रहे हैंए उसी प्रकार अब कृषि क्षेत्र में भी नकली खाद, बीज व कीटनाशक बेचे जा रहे हैं, जो फसल को फायदा करने की बजाए उल्टा नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए किसानों को जागरूक होने की आवश्यकता है। किसी प्रकार का बीजए खाद या कीटनाशक खरीदते समय किसान को पका बिल अवश्य लेना चाहिए। बिल पर आदान का पूरा नाम, निर्माण तिथिए अवधि पार तिथि व उसका लॉट नंबर अवश्य लिखा हुआ हो। किसान खुद भी बिल पर हस्ताक्षर करें। जिले में कहीं पर घर-घर या गांव.गांव जाकर नकली बीजए दवाई एवं उर्वरक बेचते हुए कोई व्यक्ति नजर आता है तो उसकी सूचना कृषि विभाग को तुरंत देंए ताकि उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सके और नकली आदानों पर अंकुश लगाया जा सके। जिले में खरीफ सीजन की बुआई शुरू हो चुकी है ऐसे में किसानों को जागरूक रहने की आवश्यकता है।

#### समय पर नहीं करते जांच

सिस्टम की लेटलतीफी से हर सीजन में किसानों की फसल दांव पर रहती है। पहले तो समय रहते अमानक खादए बीज और कीटनाशक के पर्याप्त सैंपल नहीं लिए जातेए वहीं जो भी सैंपल जांच के लिए भेजे जाते हैं तो उनकी रिपोर्ट लंबे समय तक अटकी रहती हैए इस बीच में किसान उस अमानक खाद बीज या कीटनाशक का उपयोग कर लेता है। इसके बाद अगर जांच रिपोर्ट में अमानक स्तर पाया भी जाता है तो किसान माथा पीटने के अलावा कुछ नहीं कर सकता। क्योंकि तब तक किसान की फसल.जमीन और मेहनत सबकुछ बर्बाद हो चुका होता है।

## रोजाना जाम से हलाकान हो रहा शहर, जर्जर सड़क जिम्मेदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शहर से गुजरने वाले राजमार्ग से लेकर मुख्य मार्गों की खस्ता हालत यात्रियों के लिए एक बड़ी परेशानी बन गई है। सालों से जर्जर हो चुकी इस सड़क के कारण यातायात जाम की समस्या पैदा हो गई है, जिससे नागरिकों में निराशा और गुस्सा है। इसका एक नजारा मंगलवार को भी सामने आया जब कोतरा रोड, ढिमरापुर व भगवानपुर जेएसपीएल सड़क मार्ग पर सैकड़ों वाहनों का रेला लग गया और भीषण जाम की समस्या पैदा हो गई। करीब तीन घंटे तक लोग जाम में फंसकर हलाकान हुए।

गौरतलब है कि इस मार्ग पर हुए जानेवाली गड्ढे दुर्घटना और लेटलतीफी से लेकर ट्रैफिक जाम का सबब बन रहे हैं। गड्ढों और गड्ढों से भरी इस सड़क के कारण वाहनों की गति धीमी हो गई हैए जिससे लंबी कतारें लग गई हैं और वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं। पीक ऑवर्स के दौरान स्थिति विशेष रूप से गंभीर हो जाती हैए जब सड़क पर वाहनों की भीड़ होती हैए जिससे यात्री घंटों तक फंसे रहते हैं। यह समस्या केवल यात्रियों को होने वाली असुविधा तक ही सीमित नहीं है। यातायात जाम का शहर की अर्थव्यवस्था पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ रहा है, क्योंकि माल और सेवाएँ समय पर अपने गंतव्य तक नहीं पहुँच पा रही हैं। यह स्थिति विशेष रूप से आपातकालीन सेवाओंए जैसे कि एम्बुलेंस और दमकल गाड़ियों के लिए चिंताजनक है, जिन्हें भीड़भाड़ वाली सड़कों पर चलने में कठिनाई हो रही है। बार-बार शिकायत और मरम्मत की मांग के बावजूद अधिकारी कोई ठोस कार्रवाई करने में विफल रहे हैं। नागरिक अब इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान देने की मांग कर रहे हैं और जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं होने पर सड़कों पर उतरने की धमकी दे रहे हैं। जर्जर सड़क प्रशासन की उदासीनता और उपेक्षा का प्रतीक बन गई है। अब समय आ गया है कि अधिकारी सड़क की मरम्मत के लिए ठोस कदम उठाएं और शहर के यातायात को सामान्य गति पर बहाल करें।

## खबर संक्षेप



### एनटीपीसी लारा में मां के नाम पौधरोपण आरंभ

**रायगढ़।** अनिल कुमार कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी लारा एवं श्रीमती अनुराधा शर्मा, अध्यक्ष प्रेरिता महिला समिति द्वारा रुएक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ 2 जुलाई को किया गया। विदित हो की इस पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण सुरक्षा के लिए रुएक पेड़ माँ के नाम लगाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को आह्वान किया था। इस पर अमल करते हुए एनटीपीसी लारा ने वर्षा ऋतु की पहली फुहार के बाद वृक्षा रोपण अभियान शुरू किया है। आज कार्यकारी निदशक अनिल कुमार एवं प्रेरिता महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती अनुराधा शर्मा द्वारा प्रशासनिक भवन परिसर में वृक्षा रोपण किया। इसके साथ साथ परियोजना के आस पास भी पौधा रोपण कार्य भी किया गया है। प्रधानमंत्री ने देश में सितम्बर तक 80 करोड़ एवं मार्च 2025 तक 140 करोड़ पौधरोपण का लक्ष निर्धारित किया है। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजीव रंजन, सभी विभागाध्यक्ष एवं प्रेरिता महिला समिति की सदस्याएं भी पौधरोपण कर पर्यावरण सरंक्षण में अपनी सहभागिता दी।

### डायरिया नियंत्रण रथ को टंकराम ने दिखाई हरी झंडी



**सारंगढ़।** जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा और कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सारंगढ़ में डायरिया नियंत्रण रथ का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 1 जुलाई से प्रारंभ हुई स्टॉप डायरिया अभियान अंतर्गत डायरिया के रोकथाम हेतु स्वास्थ्यए पंचायतए स्कूल शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी तथा नगरीय प्रशासन विभाग के समन्वय के साथ जिले में आयोजित की जा रही है। 1 जुलाई से 31 अगस्त 2024 के मध्य ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत स्वास्थ्य विभाग के मैदानी कर्मचारियोंए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिनों के माध्यम से 0 से 5 वर्ष के बच्चों वाले घरों में ओ आर एस पैकेट तथा जिंक टैबलेट उपलब्ध कराकर दस्त के दौरान प्रयोग हेतु पालकों को प्रशिक्षित करेंगे। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में प्रभावी असर हेतु जिले में डायरिया नियंत्रण रथ प्रचार सामग्री से सजी एवं ऑडियो सिस्टम से लैस है। यह रथ जिले में घुम. घुम कर लोगों को डायरिया से बचने हेतु जागरूक करने का कार्य करेगी।

### जेसीआई ने मनाया सीए व डॉक्टर्स डे

**रायगढ़।** जेसीआई रायगढ़ सिटी द्वारा 1 जुलाई सीए एवं डॉक्टर डे के उपलक्ष में संस्था के सभी डॉक्टर्स एवं सीए मेंबर्स का सम्मान किया गया। जेसी सीए सुधीर अग्रवाल, जेसी सीए अविनाश बेरीवाल, जेसी सीए अमन अग्रवाल, जेसी सीए अमन मित्तल, जेसी सीए शुभम बोंदिया, जेसी सीए नितेश अग्रवाल, जेसी सीए गुलशन अग्रवाल, जेसी सीए कुशल जिंदल, जेसी सीए सुयोग शर्मा, जेसी सीए अमित अग्रवाल, जेसी सम्मानित किया गया।

## कई साइट पर प्रोडक्ट निकल रहे खराब कस्टमर केयर और रिटर्न तक का ऑप्शन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुलिस के आलाधिकारियों व साइबर एक्सपर्ट की ओर से प्रतिदिन लोगों को साइबर ठगी को लेकर जागरूक करने के बावजूद लोग ठगों के जाल में फंसते जा रहे हैं। ठगों ने अब खासतौर पर महिलाओं को शिकार बनाना शुरू किया है। ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में इंस्टाग्राम यूज करने वाली महिलाओं को टारगेट बनाया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक इंस्टाग्राम पर कपड़ों सहित अन्य वस्तुओं की फोटो भेजकर महिलाओं को ठगी का शिकार बनाया जा रहा है। आरोपी पांच हजार रुपए की पोशाक 2 हजार में भेजने सहित अन्य कई प्रकार के आइटम भी सस्ते दाम में देने का झांसा देकर महिलाओं से रुपए मंगवा लेते हैं। इसके बाद सामान भेजते ही नहीं हैए अगर भेजते भी हैं तो नकली भेजकर ठगी की जा रही है। शहर की एक महिला ने बताया कि उसने एमपी के लडके द्वारा इंस्टाग्राम पर 4 हजार रुपए का एक स्टाइलिश लहंगा महज 12 सौ रुपए में देने का मैसेज डाला हुआ देखा था। उसने 24 हजार रुपए भेजकर 20 जोड़ी का आर्डर दिया। अब वो ना तो लहंगे भेज रहा है ना ही रुपए दे रहा है। एक और महिला ने 5 हजार रुपए पोशाक के लिए एक अनजान युवक को भेज दिए। महिला ने बताया कि युवक से सपर्क इंस्टाग्राम के जरिये हुआ था। अब



युवक के नबर बंद आ रहे हैं। नजदीक के गांव जुर्डा की एक महिला ने चार जोड़ी पोशाक मंगवा लिए जो खराब निकले। अब न तो उसे रिफंड मिल रहा है और ना ही कस्टमर केयर में सपर्क हो रहा है। महिला ने डिलीवरी के वक्त बॉक्स खोलाए तो लहंगा देखकर उसके होश उड़ गए। ये वो लहंगा नहीं था जिसे इंस्टाग्राम पेज पर देखा था। बॉक्स में पुराने और फटे कपड़े निकले। महिला को 5196 रुपए का नुकसान हो गया। इन्हें लौटाने की प्रक्रिया शुरू की कस्टमर केयर का जो कॉन्टेक्ट नंबर और ईमेल पता दिया गया थाए वो काम नहीं कर रहा था। वेबसाइट पर प्रोडक्ट रिटर्न का भी कोई ऑप्शन नहीं था। साइबर एक्सपर्ट का ने बताया कि अगर आपको सोशल वॉल पर इस तरह के विज्ञापन दिख रहे हैं तो सतर्क रहें। ये डील देश के बड़े ई.कॉमर्स प्लेटफॉर्म की तुलना में बेहद सस्ती हो सकती हैंए लेकिन इसकी कोई गारंटी नहीं है। ऐसे में इंस्टाग्राम पर ऑनलाइन मिलने वाली इस तरह की डील से बचें।

#### इतनी कम कीमत में कैसे मिलेगा कोई प्रोडक्ट

एक्सपर्ट के मुताबिक ग्राहक जब इस सवाल को ध्यान में रखेंगे तब वो इस तरह के प्रोडक्ट को खरीदने से बच पाएंगे । कोई भी प्रोडक्ट अपनी असल कीमत से 80 से 90 फीसदी सस्ता नहीं मिल सकता। कुछ कंपनियां प्रोडक्ट को महंगा दिखाकर उस पर बड़ा डिस्काउंट देती हैंए लेकिन हर प्रोडक्ट में ऐसा नहीं किया जा सकता। खासकर फूड प्रोडक्ट में ऐसा करना मुमकिन नहीं है। उन्होंने बताया कि बाजार में एक किलो काजू और बादाम की कीमत करीब 1200 रुपए तक है। ऐसे में यदि कोई सेलर इन ड्राई फ्रूट्स को 300 या 400 रुपए किलो बेचता हैए तब प्रोडक्ट की क्वालिटी पर सवाल उठता है।

#### बॉक्स में निकले फटे पुराने कपड़े

हाल ही में शहर की एक महिला फेक प्रोडक्ट के चलते 5196 रुपए की ठगी का शिकार हो गई। उन्हें इंस्टाग्राम पर सर्चिंग के दौरान एक साइट के पेज पर एक लहंगा पसंद आ गया। ये सूरत की वेबसाइट हैए जो मैन और वुमन दोनों के कपड़े ऑनलाइन सेल करती है। महिला ने जब इस पेज पर क्लिक किया तो वेबसाइट खुल गई। इस बात पर उन्होंने ध्यान नहीं दिया और चार लहंगे तुरंत आनलाइन भुगतान करके खरीद लिए इस लहंगे की कीमत 7,999 थी। उस पर 6,700 रुपए का डिस्काउंट मिल रहा था। यानी ये सिर्फ 1,299 रुपए में मिल गया।

#### जल्दबाजी न दिखाएं

जब भी किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रोडक्ट खरीदने में जल्दबाजी न दिखाएं। सबसे पहले सेलरए उसकी पॉलिसीए कॉन्टेक्ट के बारे में जानकारी जुटाएं। उसके रिव्यू या दूसरी खबरें भी देखें । वरना आप बड़ी ठगी का शिकार हो सकते हैं।

**अभिनव उपाध्याय**
प्रभारी, साईबर सेल।

### मां बंजारी धाम में रोटरी क्लब ने कराया शेड निर्माण



**तमनार।** रोटरी क्लब ऑफ रॉयल द्वारा सर्वशक्तिपीठ माँ बंजारी धाम तराईमाल प्रवेश द्वार पर शेड नवनिर्माण की पूजा अर्चना फीता काटकर लोकार्पण, भव्य महाआरती, भजन संध्या के साथ सैकड़ो लोगो को भण्डारा ख़लिाया गया। नए सत्र की शुरुआत अध्यक्ष आशीष महामिया ने सत्र के प्रथम दिन ही क्लब के परमानेंट प्रोजेक्ट व विभिन्न कार्यक्रम को मेम्बर्स के सहयोग से सुव्यवस्थित भव्य कराया। माँ बंजारी मन्दिर प्रवेश द्वार पर शेड नवनिर्माण से मन्दिर समिति, अतिथिगण, श्रद्धालुओं ने रोटरी क्लब रायगढ़ को साधुवाद दिया। श्री शिव, श्री हनुमान मंदिर के सामने सीमेन्ट छज्जा हॉल नवनिर्माण कराने संकल्प लेने पर हेतु विजय अग्रवाल एनआर ग्रुप द्वारा बधाई दी गई। माँ बंजारी परिसर में दम्पतियों के नाम पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## झुंड से बिछड़ा हाथी मचा रहा आतंक, जुनवानी में तोड़ा घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिले में एक दंतैल हाथी के उत्पात मचाने का वीडियो सामने आया है। इसी हाथी ने दो दिन पहले भी इसी गांव के दो ग्रामीणों के घरों में तोड़फोड़ की थी। साथ ही साथ पांच किसानों की फसलों को रौंद डाला था। मंगलवार की सुबह गांव में हाथी के आमद से मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ वन मंडल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बंगुरसिया जुनवानी इलाके में बीते कुछ दिनों से 15 से अधिक की संख्या में हाथी जंगलों में विचरण कर रहे हैं। इन हाथियों के द्वारा क्षेत्र में लगातार लोगों के घरों के अलावा फसलों को नुकसान पहुंचाए जाने की जानकारी अक्सर सामने आते रही है। मंगलवार की सुबह पांच बजे जुनवानी गांव के ग्रामीण अपने-अपने कार्य में व्यस्त थे। इसी बीच जंगल से चिंघाड़ते हुए एक दंतैल हाथी ने गांव में दस्तक दी। सुबह.सुबह हाथी को अचानक गांव में देखते ही अफरा-तफरी की स्थित बन गई। इस हाथी ने एक मकान को तोड़ते हुए धान और चावल को चट कर दिया। साथी ही साथ तुलसी चवंरा के अलावा करुणासागर मालाकार के फसल को भी हाथी ने नुकसान पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि जिस हाथी ने जुनवानी गांव निवासी पंचराम उरांव के घर को तोड़फोड़ की है। दो दिन पहले भी पंचराम के घर के एक हिस्से को तोड़ डाला था। परंतु उस समय हाथी को यहां खाने को कुछ नहीं मिला था। लेकिन आज हाथी ने इसी घर के दूसरे हिस्से को तोड़ा है। जहां धान और चावल दोनों थे। गांव के ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले कई बार हाथी ने रात में ही गांव में आकर उत्पात मचाते हुए घरों और फसलों को नुकसान पहुंचाया था। लेकिन मंगलवार की सुबह हाथी के गांव में आ जाने से गांव में दहशत का माहौल बन गया था। गांव के ग्रामीण वन विभाग की टीम के साथ मिलकर हाथी को वापस जंगल में खदेड़ डाला।

## ताइक्वांडो टूर्नामेंट में रायगढ़ के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**रायगढ़।** नगर में रविवार को स्थानीय पुलिस लाइन में सब जूनियर कैडेट जूनियर एंड सीनियर जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में आयोजित इस आयोजन में पूरे जिले से 60 से 70 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में एएसपी सुरेशा चौबे मुख्य अतिथि और समाजसेवी दीपक डोरा अतिथि के रुप में शामिल हुए एवं खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। चैंपियनशिप में पूरे जिले से खिलाड़ियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमें घरघोड़ा, तराईमाल, कृष्णा पब्लिक स्कूल कोड़ातराई, जिंदल स्कूल एवं रायगढ़ नगर के खिलाड़ी शामिल है। महिला और पुरुष वर्ग का अलग अलग मुकाबले आयोजित किया गया। मुकाबले में जिले के खिलाड़ियों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष अशोक बट्टीमार और सचिव आरती सिंह ने कहा कि ताइक्वांडो अभ्यास करने के लिए एक बेहतरीन मार्शल आर्ट है, एक ऐसी कला जो कुछ कठिन परिस्थितियों में काम आ सकती है। बेशक ताइक्वांडो का एक मुख्य उद्देश्य आपको खुद का बचाव करने के विभिन्न तरीके सिखाना है इसके साथ ही ताइक्वांडो भविष्य में अवसरो के द्वार भी खोलता है। जैसे की इसमें मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी, स्कूल.कॉलेज में एडमिशन आदि का लाभ मिलता है मान सम्मान प्राप्त होता है। हमारे जिले में अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट खिलाड़ी द्वारा कुशल प्रशिक्षण दिया जाता है।

### चक्रधर समारोह के आयोजन को लेकर समिति की बैठक, सदस्यों ने दिए सुझाव

# 10 दिवसीय चक्रधर महोत्सव की तैयारी शुरू, कला संस्कृति की दिखेगी झलक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

39 वें चक्रधर समारोह के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। 7 सितंबर गणेश चतुर्थी के दिन से समारोह की शुरुआत होगी। समारोह की रूपरेखा तैयार करने आज कलेक्ट्रेट में कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें रायगढ़ राजपरिवार के सदस्य, जनप्रतिनिधि, कला और खेल प्रेमी, मीडिया प्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। बैठक में समारोह स्थल के चयन व अवधि और कार्यक्रम की रूपरेखा और कलाकारों के चयन के संबंधी बिंदुओं पर सुझाव लिए गए।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि रायगढ़ कलाधानी हैए चक्रधर समारोह पूरे देश के कलाप्रेमियों के बीच एक विशेष स्थान रखता है। जिला प्रशासन चक्रधर समारोह के गरिमामयी आयोजन को लेकर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सभी से सुझाव लिए जा रहे हैं। जिसके आधार पर समारोह के आयोजन को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा चक्रधर समारोह की अब तक की यादों को सहेजने के लिए एक पुस्तिका तैयार की जा रही है इसमें पिछली फोटोज और लेखों को संग्रहित किया जाएगा। इसी के साथ उन्होंने आयोजन में प्रशासन के साथ शहर के समाजसेवी संस्थाओं से भी सहयोग की बात कही। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने समारोह के आयोजन में प्रतिदिन के कार्यक्रम के आयोजन और स्थानीय कलाकारों के साथ स्कूली बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान किए जाने की बात रखी। बैठक में चक्रधर समारोह के आयोजन पर उपस्थित जनों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व की भांति रामलीला मैदान में किए जाने की बात रखी गई। जिस पर वहां खिलाड़ियों को आयोजन के पश्चात मैदान को लेकर होने वाली असुविधा का पक्ष भी खेल प्रेमियों के द्वारा दिया गया, साथ ही आयोजन के पश्चात मैदान को खिलाडिय़ों को पुनरू व्यवस्थित करने का सुझाव दिया गया। चक्रधर समारोह के आयोजन के समयावधि के संबंध में पूर्व की भांति 10 दिनों तक समारोह आयोजित किए जाने का मत रखा गया। इसी के साथ स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान करने का सुझाव दिया गया। खेल प्रतियोगिताएं भी चक्रधर समारोह के आयोजन का हिस्सा रही हैं।



इसी क्रम में इस वर्ष भी कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित करने का सुझाव दिया गया। बैठक में शामिल कुछ सदस्यों के द्वारा आयोजन शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, नटवर स्कूल मैदान व नगर निगम ऑडिटोरियम में किए जाने की भी बात रखी गयी। बैठक में सुश्री उर्वशी देवी, प्रिंसेस विजयश्री देवी सिंह, जगदीश मेहर नेता प्रतिपक्ष नगर निगम श्रीमती पूनम सोलंकी, सुभाष पाण्डेय, नटवर सिंघानिया, मनोज श्रीवास्तव, दिनेश जायसवाल, संतोष अग्रवाल प्रो. अम्बिका वर्मा, दीपक पाण्डेय, देवेश शर्मा, तन्मय दास गुप्ता, महेश पटेल, एसपीओ पीडब्लूडी एमएस नायक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### ग्राम करतमा के विदित का सैनिक स्कूल के लिए हुआ चयन

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत करतमा पहाडगांव निवासी गोपाल सिंह के बड़े पुत्र विदित सिंह का चयन अंबिकापुर सैनिक स्कूल में हुआ है। उससे पहले हाल ही में सूरजपुर के जवाहर नवोदय विद्यालय के परीक्षा में भी छात्र विदित ने सफलता प्राप्त की थी। बता दें कि छात्र विदित सिंह विकासखंड रामानुजनगर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल भूवनेश्वरपुर में अध्यनरत था। छात्र विदित सिंह ने पहले जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में जिले में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले एवं विकासखंड दोनों का नाम रोशन किया है। इसी दौरान विदित सिंह सैनिक स्कूल अंबिकापुर के चयन परीक्षा में भी सफल हुआ है। छात्र विदित के पिता गोपाल सिंह वर्तमान में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामानुजनगर में व्याख्याता के पद पर पदस्थ हैं और माता वर्षा सिंह शासकीय माध्यमिक शाला रामानुजनगर में शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। छात्र विदित ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों के अलावे माता पिता व दादी नानी को दिया है।



### बस्तामुक्त विद्यालय रुनियाडीह में समर कैंप का किया गया समापन



**बिश्रामपुर।** राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के परिपालन मे क्षेत्र के प्रथम बस्तामुक्त विद्यालय शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह मे भी समर कैंप आयोजित किया गया। आयोजित समर कैंप के बारे में संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी ने बताया गया कि बच्चों ने योगा, खेलकूद, टेराकोटा, पेंटिंग सहित शैक्षिक कार्यक्रम मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । विदित हो कि समर कैंप मे योगा सिखाये गये बच्चों में से चार बच्चों ने संभाग स्तरीय योगा ओलंपियाड प्रतियोगिता में चयनित होने में सफल रहे ,वहीं दो बच्चों ने राज्यस्तरीय योगा ओलंपियाड में सरगुजा संभाग का प्रतिनिधित्व करने में सफलता अर्जित की। संस्था के समर कैंप में बच्चों को खेलकूद अन्तर्गत कबड्डी, खो-खो, दौड़, कैरम तथा शतरंज के गुर सिखाया गया तो वहीं टेराकोटा तथा पेंटिंग्स का प्रशिक्षण रामानुजनगर विकासखंड के शास पूर्व माध्यमिक शाला दवना के शिक्षक व कुशल प्रशिक्षक नंदकुमार सिंह की देखरेख में सिखाया गया। बच्चो को टेराकोटा अंतर्गत मिट्टी का चयन करना व उसे तैयार करना, मिट्टी से मछली, आम, अमरूद, बत्तख, कलश, गणेश जी, हाथी मुख, गुलदान बनाना सिखाया गया।भीषणगर्मी और बच्चो की स्वास्थ्य गत आने वाली समस्या को देखते हुए शासन स्तर से समस्त समर कैंप को आगामी आदेश तक स्थगित किया गया है, जिसके परिपालन मे संस्था में आयोजित समर कैंप का समापन किया गया।

### जिला स्तरीय यूथ एवं इको क्लब का मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण 40 प्रतिभागियों ने लिया भाग



**सूरजपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के तत्वाधान में कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक रोहित व्यास तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना संचालक समग्र शिक्षा के निर्देशन, जिला शिक्षा अधिकारी राम ललित पटेल एवं सहायक संचालक रविन्द्र सिंह देव के मार्गदर्शन तथा सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा शोभनाथ चौबे के समन्वय से जिला स्तरीय यूथ एवं इको क्लब का मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ रविन्द्र कुमार सिंह देव सहायक संचालक शिक्षा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन के साथ पुष्प अर्पित किया। श्री सिंहदेव ने आज के परिपेक्ष्य में जल और वायु की जटिलताओं पर प्रकाश डालते हुए जल और वायु दोनो को संरक्षित करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में विकासखण्डों से 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागी अपने-अपने विकासखण्डों में जाकर माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में अध्ययन करने वाले शिक्षकों को यूथ एवं इको क्लब के बारे में प्रशिक्षित करेंगें।

### राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में सुनैना ने जीता कांस्य पदक

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सरगुजा फील आनंदम की खिलाड़ी सुनैना यादव ने कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया है। बता दें कि महाराष्ट्र के पुणे स्थित श्री शिव छत्रपति शिवाजी महाराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में महाराष्ट्र किक बॉक्सिंग एसोसिएशन द्वारा राष्ट्रीय चिल्ड्रन एंड कैडेट किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता रखी गई थी। 22 से 26 मई तक आयोजित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 57 खिलाडियों समेत 27 राज्यों से लगभग 1300 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में सुरगुजा जिला से 6 खिलाडियों समेत 2 कोच भी सम्म्लित हुए। प्रतियोगिता के दौरान सुनैना यादव आ. प्रमोद यादव ने पहली बार में ही कांस्य पदक हासिल किया। इसके साथ ही सत्या यादव, शौर्य नायक, वैभव नायक, गोलू प्रसाद, सिद्धांश अग्रवाल ने भी कोच सर्वर एक्का व लकी ठाकुर के नेतृत्व में बेहतर प्रदर्शन किया। सुरगुजा जिला किकबॉक्सिनग संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह व कार्यकारी अध्यक्ष दीकप सूर्यवंशी, फीलनंदम स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के डायरेक्टर अतुल मेहता, श्रीमती रेखा मेहता, नितिन श्रीवास्तव, अविनाश मुंडा, श्रीमती वर्षा गुप्ता, खेलावन दास, स्वाति राजवाड़े, विनय सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, दीपक प्रजापति, प्रत्युपत पांडेय ने सभी खिलाडियों उत्साहवर्धन किया है।

## दो दिनों तक रहेगी राहत

# धूप-छांव के बीच चला तेज अंधड़ तापमान में 2 डिग्री की गिरावट



आंधी से छप्परविहीन घर।



पेड़ के नीचे बिखरे आम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- विक्षोभ की सक्रियता से मौसम होगा बदलाव

भीषण गर्मी के बीच दो दिनों से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के कारण दिन के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। इधर मौसम विज्ञानी देर रात तक उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ का प्रभाव पहुंचने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। ऐसे में आगामी दो दिनों तक गर्मी से राहत रहने का अनुमान है। इस बार प्रारम्भ से ही नौतपा अपना असर दिखा रहा है। पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के साथ ही भीषण गर्मी पड़ रही है।

पिछले दो दिनों से पूरे दिन चिलचिलाती धूप निकलने के बाद शाम में आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ जा रहा है। जिससे गर्मी से कुछ राहत मिल रही है। मौसम में आए बदलाव के कारण पिछले दो दिनों से तापमान में आंशिक गिरावट होने का क्रम जारी है। दो दिनों में दिन के तापमान में 2.0 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है रात के तापमान में गिरावट दर्ज हुई है। मौसम कार्यालय द्वारा शनिवार को रात का तापमान 28.4 डिग्री एवं दिन का तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। मौसम में आए बदलाव के कारण शुक्रवार की शाम आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबादी हुई तथा पूरी रात तेज रफ्तार हवाएं चली। शनिवार को सुबह 9 बजे तक आसमान पर घने बादल छाए रहे। पूरे दिन धूप-छांव के बीच अपराह्न 3 बजे घने बादल छाने के साथ ही तेज रफ्तार अंधड़ चला। कुछ क्षेत्रों में अंधड़ के साथ बारिश होने की भी सूचना है। मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट के अनुसार भीषण गर्मी के कारण गरजने वाले घने बादल बन रहे हैं वही नीचे की हवा गर्म होकर ऊपर जाकर अनुकूल परिस्थिति में बवंडर का रूप धारण कर रही है। यह बदलाव शुक्रवार को कुछ क्षेत्रों में हुई वर्षा से ठंडी एवं गर्म हवा के आपस में टकराने के कारण हो रहा है।

### विक्षोभ से मिलेगी राहत

उत्तर भारत में 30 मई को सक्रिय पछुआ विक्षोभ का प्रभाव तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा शनिवार को देर रात तक इसके सरगुजा पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। विक्षोभ के प्रभाव से हवा की दिशा बदलने के कारण पश्चिम एवं पश्चिमोत्तर की गर्म हवाओं का प्रवाह थम गया है। मौसम विज्ञानी पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आसमान पर बादलों की आवाजाही बढ़ने के साथ ही कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे है विक्षोभ के प्रभाव से आगामी दो दिनों तक तापमान में गिरावट होने एवं गर्मी से राहत रहने का अनुमान है। विक्षोभ के कमजोर पड़ने के बाद फिर से पश्चिमोत्तर की गर्म हवाओं का प्रवाह शुरू होने एवं भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान है। मौसम विज्ञानी 10 जून से मानसून पूर्व की गतिविधियां प्रारम्भ होने एवं 12 से 15 जून के मध्य मानसून के सरगुजा में दस्तक देने का अनुमान लगा रहे हैं।

## आंधी-तूफान ने मचाई तबाही दर्जनों घरों के उखड़े छप्पर


**धौरपुर।** शनिवार को आए आंधी-तूफान ने क्षेत्र ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। तेज रफ्तार आंधी से दर्जनों घरों के छप्पर उखड़ गए हैं वहीं जगह-जगह पेड़ों की डाले टूट गई है। आंधी से आम एवं साल बीज फसल पूरी तरह से तबाह हो गई है। आंधी के बाद क्षेत्र में झमाझम वर्षा हुई जिससे गर्मी शांत हो गई है। नौतपा की भीषण गर्मी के बीच शनिवार को अपराह्न आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने के साथ ही तेज आंधी चलने लगी। अंधड़ इतना तेज था कि जगह-जगह ग्रामीणों के घर का छप्पर उखड़ गया तथा पेड़ों की डालें टूटकर गिरने लगी। तेज आंधी में पकने को तैयार आम पूरी तरह से झड़ गए। क्षेत्र के वनवासी साल वनों में हर साल बड़े पैमाने पर साल बीज का संग्रहण करते है। साल बीज बेचने से संग्राहकों को अच्छी आय होती है। आंधी में वनों के साल पेड़ों पर लगे बीज पूरी तरह से झड़ गए है। आंधी से घरों का छप्पर उखड़ने के कारण दर्जनों परिवार के समक्ष भीषण गर्मी में सिर छिपाने की समस्या खड़ी हो गई है। जानकार 50 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की आंधी चलने का अनुमान लगा रहे है। अंधड़ थमने के बाद गरज-चमक के साथ 45 मिनट तक झमाझम वर्षा हुई। मूसलाधार बारिश होने के कारण आसपास के गड्ढे.लबालब हो गए हैं तथा गहरे खेतों में भी पानी भर गया है। बेमौसम वर्षा के बाद मौसम बदल गया है तथा भीषण गर्मी से राहत मिल गई है।

### विद्युत आपूर्ति ठप

तेज आंधी के दौरान 33 केवी विद्युत लाइन पर पेड़ की डाल गिरने के कारण अपराह्न 2.30 बजे से विकासखण्ड मुख्यालय सहित पूरे इलाके की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई है। आंधी में जगह-जगह की विद्युत लाइन पर पेड़ों की डाल गिरने के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है विद्युतकर्मी क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को सुधारने के कार्य में जुटे हैं लेकिन जगह-जगह विद्युत तार टूटने के कारण रविवार को ही सुधार कार्य पूरा होने के बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू होने की संभावना है।

## विद्युत भार कम करने के लिए स्वीकृत सब स्टेशन का निर्माण कराएं प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- जिपं उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने लिखा कलेक्टर को पत्र, सरगवां में सब स्टेशन के लिए मिले थे 57 करोड़

जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने कलेक्टर सरगुजा को पत्र लिख कर अम्बिकापुर शहर सहित जिले भर में हो रही बिजली की आंखमिचौली पर चिंता जाहिर की है साथ ही पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में बिजली की सुविधा के लिए स्वीकृति राशि का उपयोग कर सुविधा विस्तार जल्द करने के लिये भी आग्रह किया है।

जिपं उपाध्यक्ष श्री सिंहदेव कलेक्टर सरगुजा को लिखे पत्र में कहा है कि लगातार समाचार पत्रों एवं सोशल मिडिया में प्रचारित एवं प्रकाशित हो रही है कि बिजली की आंखमिचौली इस प्रचण्ड गर्मी में बढ़ गई है। जिससे आमजनों को काफी दिक्कतें हो रही है। मैं आपका ध्यान इस ओर आकृष्ट कराना चाहूंगा कि पूर्व सरकार में ऊर्जा मंत्री रहते हुए टीएस सिंहदेव ने अम्बिकापुर शहर में बढ़ते विद्युत भार को देखते हुए नए सब स्टेशन की स्वीकृति दी थी। बताया जा रहा है कि इसके लिए जमीन का आवंटन अब तक नहीं होने से अब तक अतिरिक्त सब स्टेशन का निर्माण नहीं हो सकता है। जिससे बिजली की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के लिए पूर्व सरकार में ऊर्जा मंत्री रहते हुए टीएस सिंहदेव ने कई विद्युत सब स्टेशन, सब डिविजन कार्यालय, जोन कार्यालय सहित कई अन्य सुविधाओं की स्वीकृति दी थी। जिसमें से कई कार्य अब तक अधूरे हैं। जिससे आमजनों को बिजली की समस्या का सामना इस भीषण गर्मी में करना पड़ रहा है। स्वीकृत तीन सब स्टेशनों में से केवल उदयपुर ब्लॉक के सलका का कार्य जो लगभग 15 करोड़ रुपए का था वह पूर्ण हुआ है, साथ ही अम्बिकापुर शहरी क्षेत्र के लिये सरगवां हेतु स्वीकृत 57 करोड़ रुपए का कार्य अब भी अपूर्ण है। बताया जा रहा है कि कार्य ही शुरू नहीं हुआ है क्योंकि जमीन नहीं मिल सकी है। वहीं लखनपुर के लिये स्वीकृत 60 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली सब स्टेषन का कार्य भी पूर्ण नहीं हुआ है। कलेक्टर सरगुजा को लिखे पत्र में आदित्येश्वर शरण सिंह देव ने लिखा है कि पूर्ववर्ती सरकार में ऊर्जा मंत्री रहते हुए टीएस सिंहदेव द्वारा विद्युत विस्तार एवं आमजनों की सुविधा हेतु स्वीकृत अम्बिकापुर विधानसभा सहित सरगुजा जिले के समस्त कार्यों को शिघ्र शुरू कराते हुए पूर्ण कराने हेतु निर्देशित करेंगे।


### गिरने से बेहोश हुए युवक की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम कुल्हाड़ी निवासी राहुल कुमार नायरे आ. गुलाब राम नायरे एक सप्ताह पूर्व खोपा धाम में बतरा पूजा करने गया था। इसी दौरान अचानक गिरने से बेहोश हो गया। कुछ समय बाद युवक को होश आया तो परिजन उसे घर लेकर आ गए। इसी बीच युवक का तबीयत खराब होने लगा और शरीर में लाल धब्बा हो गया जिससे परिजन गांव में झाड़ फूंक कराने लगे। गत दिन युवक की तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की गई जान

सीतापुर निवासी बुधराम (45 वर्ष) बीती रात घर के परछी में सो रहा था। इसी दौरान जहरीले सांप ने ग्रामीण को काट लिया। सुबह ग्रामीण ने सांप काटने की जानकारी परिजन को दी। परिजन उसे बाइक से सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की तबीयत बिगड़ने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### तेज आंधी-तूफान से विद्युत पोल हुए धाराशाई



**बिश्रामपुर।** शनिवार की दोपहर अचानक मौसम में हुए बदलाव के बाद तेज आंधी की वजह से कई जगह विद्युत पोल व पेड़ धाराशाई हो गए हैं। विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने की वजह से करीब दर्जन भर गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। गौरतलब है कि शनिवार की दोपहर में भीषण गर्मी के बीच अचानक मौसम में कुछ बदलाव आया । मौसम बदलने व तेज आंधी आने के कारण ग्राम पंचायत रामनगर डबरीपारा में बिजली खंभा टूट गया है। इसी तरह ग्राम पंचायत कल्याणपुर में लगाए गए 25 केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर भी धराशाई हो गया है। तेज आंधी तूफान की वजह से रामनगर, कल्याणपुर, करवा, लटोरी समेत आसपास के इलाके में कई जगह विद्युत पोल के अलावा पेड़ भी उखड़ गए हैं। ग्राम पंचायत रामनगर डबरीपारा निवासी साधोरन राम ने बताया कि 7 मई को आए तेज आंधी तूफान की वजह से एक विद्युत पोल टूटकर तार के सहारे लटका हुआ है, जिसका आज तक विभागीय अधिकारियों द्वारा मरम्मत कार्य नहीं कराए जाने की वजह से अक्सर किसी बड़ी अनहोनी का ख़तरा बना हुआ है। लोग यहां से हमेशा आते-जाते रहते हैं और दरवाजे के सामने बच्चे भी खेलते रहते हैं। ऐसी स्थिति में कभी भी कोई अप्रिय घटना यहां पर घटित हो सकती है।

### किस्मत नर्सिंग कॉलेज में मना विश्व तंबाकू निषेध दिवस



**रामानुजगंज।** किस्मत नर्सिंग कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यशाला का आयोजन संस्था की शिक्षिका अंजुलता द्वारा किया गया। लोगों को तंबाकू से होने वाली हानियों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने की शुरुआत डब्लूएचओ द्वारा वर्ष 1987 में हुई थी। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम बच्चों को तम्बाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बचाना है। एक निष्पक्ष और स्वास्थ्य दुनिया का निर्माण इस दिन का उद्देश्य लोगों को तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजगंज में किस्मत नर्सिंग कॉलेज के बच्चों द्वारा तंबाकू से होने वाली हानियों से जागरूकता का संदेश भी दिया गया । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किस्मत नर्सिंग कॉलेज के बच्चों द्वारा लोगो को जागरूक करने का भी प्रयास किया। स्वास्थ्य जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक, पोस्टर एवं भाषण के माध्यम से भी लोगो को जागरूक करने का प्रयास किया । कार्यक्रम अंजूलता, रवीना मिंज, संतोषी सोनवानी के उपस्थिति में किया गया।

## कबाड़ चोर सरग़ना ने सुरक्षा अधिकारी को फोन पर धमकाया, थाने में हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- एसईसीएल की सुरक्षा टीम ने पौवापारा मोहल्ला जाकर अवैध बिजली कनेक्शन हटाने की कार्रवाई शुरू की

एसईसीएल बिश्रामपुर के कुमदा सात आठ खदान के बोर होल में लगे ट्रांसफार्मर की चोरी कर रहे बदमाशों को कम्पनी सुरक्षा अधिकारी सहित ड्यूटी में तैनात जवानों ने गुरुवार की रात दौड़ाया और चोरी की वारदात में शामिल एक आरोपी को पकड़कर चोरी का सामान जप्त किया, इससे नाराज कबाड़ चोरों के सरगना ने कम्पनी सुरक्षा अधिकारी को फोन के माध्यम से कॉल करते हुए रात देख लेने की धमकी दी है।

घटना के बाद कम्पनी सुरक्षा अधिकारी ने मामले की सूचना बिश्रामपुर थाना में दी है।बताया गया कि 30 मई की रात कुमदा सात आठ खदान के बोरवेल के समीप लगे ट्रांसफार्मर को दर्जन भर से अधिक कबाड़ चोरों ने मौके पर पहुंचकर दो पंप ऑपरेटर जो ड्यूटी में तैनात थे उन्हें हथियार के दम पर बंधक बना लिया और ट्रांसफार्मर का पावर सप्लाई काट कर उसके अंदर का तेल बहा दिया ,इसके पश्चात बदमाश भीतर का ताम्बा निकाल ही रहे थे कि सूचना पर एस ई सी एल की पेट्रोलिंग पार्टी के साथ सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण मौके पर पहुंच गए , पेट्रोलिंग पार्टी को देखते ही कबाड़ चोर इधर उधर भागकर नर्सरी में जा छिपे, बताया गया कि इस दौरान एक चोर विमल कुमार रजवार को सुरक्षा कर्मियो ने पकड़कर मौके से ट्रांसफार्मर से निकाले गए ताम्बा को बरामद कर लिया।बाद में पकड़े गए आरोपी को बिश्रामपुर पुलिस को सौप दिया।इस बात से नाराज कबाडियों का सरगना पौवापारा मोहल्ला निवासी नितेश कुमार ने देर रात कम्पनी सुरक्षा अधिकारी से फोन पर गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।देर रात की घटना के बाद एसईसीएल के सुरक्षा अमले की टीम ने कबाड़ी के पौवापारा मोहल्ला स्थित घर पहुंचकर अवैध कनेक्शन काटने की कार्यवाही शुरू की है,बताया जाता है कि अवैध कनेक्शन काटने की सूचना पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ने मौके पर पहुंचकर अवैध कनेक्शन काटने की कार्यवाही का विरोध किया है।

## मिनी ट्रक चालक ने ऑटो सवारों को मारी टक्कर, लकड़ी मिस्त्री गंभीर रूप से आहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती पश्चात रायपुर किया गया रेफर





अपने गृहग्राम से वापस लौटकर अंबिकापुर से ऑटो बुकिंग करके परिवार समेत वापस बिश्रामपुर आ रहे कारपेंटर की ऑटो को रेत लोड मिनी ट्रक चालक ने टक्कर मार दी है। दुर्घटना में ऑटो सवारों को चोटें आई हैं, जिसमें कारपेंटर की हालत गंभीर बताई जा रही है। दरअसल बिश्रामपुर फोकटपारा निवासी लकड़ी मिस्त्री श्याम शर्मा अपने परिवार सहित गृहग्राम औरंगाबाद से वापस अंबिकापुर आए थे। इसके पश्चात शनिवार को सुबह तड़के अंबिकापुर से ऑटो बुकिंग करके चालक अंबिकापुर गंगापुर निवासी हिमांशु गुप्ता पिता गोपाल प्रसाद गुप्ता के साथ वापस बिश्रामपुर आ रहे थे। तभी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेलईकछार शशिपुर में अवैध रेत लोडकर अंबिकापुर की ओर जा रहे अज्ञात मिनी ट्रक चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ऑटो क्रमांक सीजी 15 डीजेड 4887 को सामने से जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना में ऑटो के सामने का हिस्सा काफी क्षतिग्रस्त हो गया है जबकि ऑटो सवार कारपेंटर श्याम शर्मा को गंभीर चोट आने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर से रायपुर रेफर कर दिया गया है।

## युवक के फांसी लगाने तथा युवती की जानलेवा हमले से हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने मृतिका के परिजन से कथन लिया

दस दिन पूर्व ग्राम सकलपुर के मोहली नवा में युवक का फांसी में लटका तो युवती की पेड़ के नीचे लाश मिलने के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत युवती की हत्या करने का मामला दर्ज किया है। पीएम रिपोर्ट पर युवक के फांसी लगाने पर दम घुटने तो युवती की सिर में चोट लगने से मौत होने का लेख चिकित्सकों ने किया है। पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 20 मई को ग्राम सकलपुर के मोहली नवा के कुछ ग्रामीण तेंदूपत्ता तोड़ने जाने के दौरान मोहली नवा आम पेड़ में बालेश्वर आ. दुर्गा सिंह (25 वर्ष) का शव आम पेड़ में लटका तथा पेड़ के नीचे रीता सिंह आ. हृदय सिंह की लाश देखा। ग्रामीणों ने युवक व युवती की लाश देखकर घटना की सूचना भटगांव पुलिस को दी। सूचना पर उपनिरीक्षक अश्वनी पांडे टीम के साथ मौके पर पहुंचे और और युवक व युवती की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी। मर्ग जांच के दौरान पुलिस ने मृतिका के परिजन से कथन लिया। इसी बीच पीएम रिपोर्ट पुलिस को मिला जिसमें डॉक्टर द्वारा मृतक बालेश्वर उर्फ बल्ले की मृत्यु के कारण में फांसी लगाने से दम घुटने से मृत्यु होना तथा मृत्यु आत्महत्या की प्रकृति का होना लेख किया गया है। मृतिका रीता सिंह के जांच में लिए गए परिजन के कथनों, घटनास्थल निरीक्षण, शव निरीक्षण एवं प्राप्त पीएम रिपोर्ट के अवलोकन पर 19-20 मई के दरम्यानी रात अज्ञात आरोपी द्वारा नन्दलाल गोंड के सब्जी बाडी के नीचे परती खेत में मृतिका के सिर में चोट पहुंचाकर हत्या करना पाए जाने से से अज्ञात के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## टेंडर व एग्रीमेंट के बिना कराई जा रही साप्ताहिक बाजार से अवैध वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बातें**
- बड़ी संख्या में बैल बेचने व खरीदने आसपास क्षेत्र साप्ताहिक बाजार में आते हैं ग्रामीण
- पशु मालिक सहित बाजार के दुकानदारों से हर सप्ताह वसूलते हैं 18 से 20 हजार रुपए




केवरा का मवेशी बाजार, इनसेट में काटे गए रसीद।

ग्रामीण क्षेत्रों में हाट बाजार ग्रामीणों के लिए आय का साधन है। जहां ग्रामीण अपनी उपज लेकर पालतू मवेशियों को बेच आय अर्जित करते है जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। विकासखंड के लगभग सभी ग्राम पंचायत में एक दिन साप्ताहिक बाजार लगती है जहां आसपास के बड़ी संख्या में ग्रामीण क्रय व विक्रय करने पहुंचते है। साप्ताहिक बाजार में विक्रेताओं से ग्राम पंचायत द्वारा कुछ राशि ली जाती है जो ग्राम पंचायत के विकास में उपयोग के लिए होता है। साप्ताहिक बाजार से दुकानदार से वसूली के लिए बकायदा टेंडर व एग्रीमेंट होता है जिसके बाद ही दुकानदार से वसूली कर सकते है। अगर टेंडर व एग्रीमेंट नहीं हुआ है तो वह अवैध होता है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत केवरा की है जहां साप्ताहिक बाजार लगती है परंतु बाजार के वसूली के लिए न तो कोई टेंडर हुआ है और न ही एग्रीमेंट इसके बावजूद सरपंच व सचिव की मनमानी रवैया से बाजार में अवैध रूप से वसूली कराया जा रहा है जिससे बाजार में आने वाले विक्रेता काफी परेशान है। प्रतापपुर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत केवरा भैंसा मुंडा में साप्ताहिक बाजार लगता है।

### की जाएगी कार्रवाई

साप्ताहिक बाजार केवरा में अवैध वसूली की जा रही है इसकी जानकारी नहीं है। मामले में जांच कार्रवाई के लिए टीम गठित की जाएगी। जांच में अवैध वसूली पाया गया तो वसूली करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही पंचायत के सरपंच व सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी कर तलब किया जाएगा।

-राधे श्याम मीर्झा
जनपद सीईओ



# बच्चों को चकाचौंध से दूर रखना चाहते हैं आयुष्मान

**नई दिल्ली।** आयुष्मान खुराना और ताहिरा फिल्मी जगत के चर्चित चेहरे हैं, ऐसे में दोनों को फैंस का काफी प्यार भी मिलता है। आयुष्मान को अपने काम की वजह से लोगों की नजरों में रहना पसंद है। वह अक्सर सार्वजनिक जगहों पर देखे भी जाते हैं। हालांकि, वह अपने बच्चों को ऐसी सार्वजनिक उपस्थिति से दूर रखना चाहते हैं। वह अपने दोनों बच्चे विराजवीर और वरुष्का को फिल्मी दुनिया की चमक-दमक से दूर रखना चाहते हैं। इंटरव्यू के दौरान अभिनेता ने बताया कि वह फोन कर के पैपराजी को अपने बच्चों की तस्वीरें लेने के लिए नहीं बुलाते, क्योंकि उन्हें लगता है बच्चों को खुल कर जीने की आजादी होनी चाहिए।



## लाइफ Style

# तब्बू

## फोकट में करवाया 40 सितारों से डांस?

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की सुपरहिट फिल्म 'ओम शांति ओम' कई वजहों से फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद खास रही है। बॉक्स ऑफिस पर छप्परफाड़ कमाई करने वाली ये फिल्म 17 साल बाद एक फिर से सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म को लेकर तब्बू ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है।

फिल्म में कैमियो करने वाले सभी सितारों को शाहरुख खान की तरह से महंगे उपहार मिले थे।'ओम शांति ओम' साल 2007 में रिलीज हुई थी। यह उस साल की सुपरहिट फिल्म थी। यह बॉलीवुड की एकलौती फिल्म है, जिसमें 40 से अधिक बड़े-बड़े सितारों ने कैमियो किया था। इस कैमियो में बॉलीवुड एक्ट्रेस तब्बू का भी नाम शामिल है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस गाने के लिए सभी ने अपने पर्सनल रिलेशन और समझ के साथ इस फिल्म के गाने को किया था। गाने को लिए मेकर्स ने किसी को फीस नहीं दी थी। हालांकि तब्बू ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। फिल्म की कमाई की बात करें तो, फराह खान के निर्देशन बनी इस फिल्म को शाहरुख खान की वाइफ गौरी खान ने प्रोड्यूसर किया था। इस फिल्म के मेकर्स ने करीब 40 करोड़ रुपए के बजट में बनाया गया था, जिसने दुनिया भर में 150 करोड़ की कमाई की। साल 2007 की ये सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म थी। आपको याद दिला दें कि तब्बू यहां जिस गाने की बात कर रही हैं वह गाना है 'दीवानगी दीवानगी'। इस गाने में जूही चावला, काजोल, करिश्मा कपूर, लारा दत्ता, मलाइका अरोड़ा, मिथुन चक्रवर्ती, प्रीटी जिंटा, प्रियंका चोपड़ा, रानी मुखर्जी, रेखा, सुष्मिता सेन, रितेश देशमुख, सैफ अली खान, सलमान खान, संजय दत्त आदि ने शानदार कैमियो किया था।

## हॉलीवुड मसाला



# 'ए एंग्री बर्ड्स...' का ऐलान

**नई दिल्ली।** 'द एंग्री बर्ड्स मूवी 3' के प्रोडक्शन को शुरू करने का ऐलान हो चुका है। सीरीज की तीसरी फिल्म रेड और चक के रोमांच को जारी रखेगी। इसमें एक बार फिर जेसन सुदेइकिस रेड की आवाज बनेंगे और जोश गैड फिर चक की आवाज के रूप में वापसी करेंगे। डीएनईजी एनिमेशन इस फिल्म के लिए एनिमेशन की कमान संभालने वाला है। हालांकि, कास्टिंग से जुड़ी और खबरों की ओर भी जल्द ही घोषित की जाएंगी।'द एंग्री बर्ड्स मूवी 3' पहली दो एंग्री बर्ड्स फिल्मों की सफलता के बाद आ रही है।




# एमसीयू के बाद अब डीसीयू से जुड़ेंगे क्रिस

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेता क्रिस प्रैट मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में काम करने के बाद अब डीसी स्टूडियो के साथ काम करने को तैयार हैं। हाल ही में, 'सुपरमैनः लिगेसी' के सेट पर उनकी मुलाकात जेम्स गन के साथ हुई। इस मुलाकात को लेकर जब क्रिस से पूछा गया कि वो कौन सा किरदार निभाना पसंद करेंगे तो इस पर उन्होंने कुछ भी साफ-साफ नहीं कहा। उन्होंने कहा कि वो इसे तय करने का काम जेम्स और प्रशंसकों पर छोड़ रहे हैं। बता दें कि दोनों ने आखिरी बार साल 2023 में साथ में काम किया था। डीसी स्टूडियो में शामिल होने के सवाल पर क्रिस प्रैट ने बेझिझक हां में अपना जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर काम उनके शेड्यूल के हिसाब से ठीक रहा तो यह उनके लिए सही होगा। क्रिस ने कहा कि उन्हें स्टार-लॉर्ड का रोल करना पसंद हैं।



# कैंसर पीड़ितों को नहीं डरना चाहिए...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री हिना खान तीसरी स्टेज के ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। उन्होंने जिस दिन इस बात का खुलासा किया था, तभी से उनके चाहने वाले उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। इसी बीच, अब हिना खान ने कैंसर से जंग लड़ रहे लोगों के लिए एक खास संदेश साझा किया है। साथ ही इस बात की भी उम्मीद जताई है कि उनकी यह यात्रा लोगों को प्रेरणा देने का काम कर सकती है। हिना खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक नोट साझा किया है। इसमें उन्होंने अपनी कैंसर से लड़ने की यात्रा को लेकर लिखा कि यह उन सभी साहसी महिलाओं और पुरुषों के लिए है, जो कैंसर की मुश्किल लड़ाई लड़ रहे हैं। मैं चाहती हूं कि मेरी यात्रा इतनी साहसी और प्रेरक हो कि लोग अपनी कहानियों में एक नया पन्ना खोल सकें।




# 'द बकिंघम...' 13 सितंबर को होगी रिलीज

**नई दिल्ली।** हंसल मेहता के निर्देशन में बनी करीना कपूर की फिल्म 'द बकिंघम मर्डर्स' को रिलीज डेट मिल गई है। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। इसके साथ लिखा है, 'हम 'द बकिंघम मर्डर्स'की रिलीज डेट का एलान करते हुए रोमांचित महसूस कर रहे हैं। यह फिल्म 13 सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी'। इसके साथ फिल्म से करीना कपूर का पोस्टर भी साझा किया है। 'द बकिंघम मर्डर्स' का बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 में प्रीमियर हुआ था, जिसक खूब तारीफ हुई। इसके अलावा मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2023 में भी इस फिल्म की स्क्रीनिंग हुई थी। इस फिल्म में करीना कपूर एक जासूस महिला का किरदार निभा रही हैं, जिसका नाम जस भामरा है। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस से पायल के बाहर होने पर पति अरमान खुश

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत हुए पूरे एक हफ्ते हो चुके हैं। इस एक हफ्ते में दर्शकों को काफी ड्रामा देखने को मिला। रविवार की रात पायल मलिक को बिग बॉस के घर से बाहर होना पड़ा। बिग बॉस के सभी प्रतिभागी पहले दिन से ही इस शो में अपने पैर जमाने के लिए जद्दोजहद करते हुए दिख रहे हैं। पायल मलिक के घर से बाहर होने के बाद उनके पति अरमान के रिएक्शन ने सभी को चौंका दिया है। बिग बॉस ओटीटी 3 के घर से बाहर होने वाली दूसरी प्रतिभागी पायल मलिक हैं। उनका निष्कासन हुआ। पायल का घर से जाना बाकी प्रतिभागियों के लिए बेहद चौंकाने वाला था। पायल के घर से बेदखल होने के बाद कृतिका पूरी तरह से टूटी हुई नजर आईं। वह फूट-फूट कर रोने लगीं। उन्हें संभालने के लिए अरमान उनके पास आएं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान अरमान ने कहा कि उन्हें खुशी है कि पायल शो से चली गईं। अरमान ने कहा कि वह चाहते थे कि वह शो में बनी रहें और लड़ें, लेकिन अब जब वह चली गई हैं, तो वह भी इस बात से खुश हैं। मालूम हो की पायल मलिक अरमान की पहली पत्नी हैं। बाद में अरमान ने उनकी दोस्त कृतिका से शादी कर ली।

## घर से बेघर होते ही नीरज गोयत ने इन प्रतियोगियों पर भी साधा निशाना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' की शुरुआत से ही हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिल रहा है, जिससे दर्शकों का काफी मनोरंजन हो रहा है। शो के



पहले हफ्ते में ही मिड वीक एविक्शन हुआ, जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। जनता के कम वोटों के कारण बॉक्सर नीरज गोयत घर से बेघर हो गए। वहीं, अब नीरज ने बाहर आते ही सभी प्रतियोगियों की पोल-पट्टी खोल दी है। बॉक्सर ने हर किसी की गेम का खुलासा कर प्रशंसकों का खासा ध्यान आकर्षित किया है। नीरज ने मिड वीक में ही अपने एविक्शन पर बात करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मुझे अच्छा खेलने का मौका नहीं दिया गया। मेरा एविक्शन कोई पचा नहीं सकता। बाहर आकर मैंने लोगों की प्रतिक्रियाएं देखीं। वे मुझे उस घर में और देखना चाहते थे। मुझे नहीं लगता कि मेरे वोट कम थे।'

# धमाकेदार हैं कालीन भैया के ये डायलॉग
## सोशल मीडिया पर खूब हुए वायरल

**नई दिल्ली।** मशहूर सीरीज 'मिर्जापुर 3' 5 जुलाई को रिलीज होने वाली है। जैसे-जैसे इसके रिलीज की तारीख नजदीक आ रही है प्रशंसकों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है।




सीरीज के पहले और दूसरे सीजन ने भौकाल काट दिया था। तीसरे सीजन को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें भी हैं। इसके पहले दो सीजन में कई सारे संवाद ऐसे थे जो लोगों की जुबान पर आ गए। इन डायलॉग्स के सोशल मीडिया पर खूब मीम्स भी बनें। पहले और दूसरे सीजन में सबसे ज्यादा वायरल, जबरदस्त और प्रभावशाली संवादों में पंकज त्रिपाठी (कालीन भैया) का डायलॉग रहा है। मिर्जापुर के सीजन 2 से कालीन भैया का डायलॉग 'जो आया है, वो जाएगा भी बस मर्जी हमारी होगी' ने प्रशंसकों को काफी प्रभावित किया। इस संवाद में लोगों को कालीन भैया की शक्ति और आत्मविश्वास की झलक मिली। इसके दूसरे सीजन से ही कालीन भैया का एक और संवाद काफी मशहूर हुआ, जिसमें वह 'गद्दी पर चाहे हम बैठें या मुन्ना, नियम सेम होंगे' कह रहे हैं। इस डायलॉग को भी काफी पसंद किया गया। लोगों ने इससे जुड़े खूब मीम्स बनाएं।

# ब्लॉकबस्टर फिल्म '36 घंटे' की है गोल्डन जुबली
## राज कुमार-माला सिन्हा की अद्भुत थ्रिलर सस्पेंस कहानी

**नई दिल्ली।** 1974 में बनी राज तिलक द्वारा निर्देशित हिंदी फिल्म '36 घंटे' की 1 जुलाई सोमवार को गोल्डन जुबली थी। यह एक थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर फिल्म थी। आइए जानते हैं 50 साल पुरानी ब्लॉकबस्टर फिल्म की कहानी। '36 घंटे' को आज रिलीज हुए पूरे 50 साल हो गए हैं। इस फिल्म में राज कुमार, माला सिन्हा, सुनील दत्त, विजय अरोड़ा, परवीन बॉबी, रंजीत, डैनी डेन्जोंगपा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 1955 की अमेरिकी फिल्म 'द डेस्पेरेट ऑवर्स' का रीमेक है, जिसे जोसेफ हेस के 1954 के उपन्यास से रूपांतरित किया गया था।




जेल में बंद तीन अपराधी हिम्मत सिंह (सुनील दत्त), उसका भाई अजीत सिंह (रणजीत) और दिलावर खान (डैनी डेन्जोंगपा) जेल से भागकर संपादक अशोक राय (राज कुमार) के घर पर कब्जा कर लेते हैं। भागने वाले अपराधी अशोक राय, उनकी पत्नी दीपा राय (माला सिन्हा), बेटे राजू और बेटी नैना (परवीन बॉबी) को बंधक बना लेते हैं। अपराधी तब तक परिवार को बंधक बनाए रखने की योजना बनाते हैं, जब तक कि उनकी सहयोगी कामिनी (सोनिया साहनी) उनसे व्यक्तिगत रूप से संपर्क नहीं करती।

### बॉक्स ऑफिस पर की जमकर कमाई

फिल्म में कई अभिनेताओं ने काम किया है। फिल्म '36 घंटे' उस समय की ब्लॉकबस्टर फिल्मों से एक है। फिल्म ने बॉक्सऑफिस पर खूब जमकर कमाई की थी। इस फिल्म में कई अभिनेताओं ने एक साथ काम किया था। ये ऐसे तीन भाइयों की कहानी है, जो अपराधी होते हैं। फिल्म में हिम्मत सिंह का किरदार सुनील दत्त ने निभाया है, जो कि एक अपराधी है। इसमें हिम्मत का भाई अजीत सिंह भी अपराधी होता है, इसका किरदार अभिनेता रणजीत ने निभाया है। इन दोनों का एक और भाई है, जिसका नाम दिलावर खान है, जिसका किरदार डैनी डेन्जोंगपा ने निभाया है।

## 'हिचकी' टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही ऐसी लड़की की कहानी है जो शिक्षक बनना चाहती है


# शिक्षा व्यवस्था पर बनीं फिल्में, असमानता और भेदभाव जैसे मुद्दों पर की चोट

***मुंबई।** सिनेमा जगत में शिक्षा व्यवस्था पर बहुत कम फिल्में बनती हैं। अधिकतर फिल्मों में स्कूल का दृश्य तभी देखने को मिलता है, जब दर्शकों को मुख्य किरदार के बचपन की कहानी की थोड़ी-बहुत झलक दिखानी होती है। इस विषय के सूखे के बावजूद कुछ फिल्में ऐसी आ चुकी हैं, जिनमें अलग-अलग ढंग से अहम मुद्दों को दिखाने की कोशिश की गई है। 'चॉक एन डस्टर', 'हिचकी', 'स्टेनली का डब्बा' और 'हिंदी मीडियम' ऐसी फिल्में हैं, जिनमें शिक्षा व्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों पर बात की गई है। इनमें भेदभाव, असमानता, स्कूल में समावेशिता की जरूरत और शिक्षण में आने वाली चुनौतियों को दिखाया गया है।*

### स्टेनली का डब्बा


'स्टेनली का डब्बा' साल 2011 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन अमोल गुप्ते ने किया है। फिल्म की कहानी एक स्कूल के लड़के के इर्द गिर्द चलती है, जो लंच बॉक्स लेकर नहीं जाता है। फिल्म स्कूल के बच्चों के साथ सामाजिक और आर्थिक स्तर पर हो रहे भेदभाव पर रोशनी डालती है।






### हिचकी

'हिचकी' फिल्म में एक ऐसी लड़की की कहानी देखने को मिलती है, जो टॉरेट सिंड्रोम से जूझ रही होती है और एक शिक्षक बनना चाहती है। 'हिचकी' फिल्म पढ़ाने में आने वाली चुनौतियों और शिक्षा व्यवस्था में समावेशिता पर बात करती है। इसका निर्देशन सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने किया है। फिल्म में रानी मुखर्जी ने मुख्य किरदार अदा किया है।




### चॉक एन डस्टर

'चॉक एन डस्टर' को साल 2016 में रिलीज किया गया था। इसमें भारतीय शिक्षा व्यवस्था में काम करने वाले शिक्षक के संघर्ष को दिखाया गया है। फिल्म शिक्षा के व्यवसायीकरण और शिक्षकों पर पड़ने वाले दबाव पर भी बात करती है। इसका निर्देशन जयंत गिलातर ने किया है। फिल्म में जूही चावला ने मुख्य भूमिका अदा की थी।

### हिंदी मीडियम

दिवंगत अभिनेता इरफान खान की फिल्म 'हिंदी मीडियम' में एक ऐसे पति-पत्नी की कहानी दिखाई गई है, जो मध्यम वर्ग से आते हैं और अपनी बेटी का दाखिला अंग्रेजी माध्यम के स्कूल में कराना चाहते हैं। यह फिल्म समाज का अंग्रेजी मीडियम स्कूलों के प्रति आकर्षण और भारतीय शिक्षा व्यवस्था में असमानता के मुद्दे पर बात करती है। इसका निर्देशन साकेत चौधरी ने किया है। फिल्म में इरफान खान के साथ-साथ सबा कमर, दीपक डोबरियाल और नेहा धूपिया समेत कई कलाकारों ने काम किया है।



## खबर संक्षेप

### 119 पदों पर भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप कल

**रायगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 4 जुलाई 2024 को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन होगा। जिसमें दो निजी कंपनियों में रिक्त विभिन्न 119 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिले के योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है।
जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार में न्यूट्रीनिटी क्रॉप केयर प्रालि रायगढ़ में 12 वीं पास आवेदकों के लिए सेल्स रिप्रेजेंटेटिव के रिक्त 36 पद, 12 वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण के लिए ग्रुप लीडर में 2 पद एवं टीम लीडर में 1 पद रिक्त है। इसी तरह में एसएमफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड रायपुर में 12 वीं पास उत्तीर्ण आवेदकों के लिए इंडिविजुअल रिलेशनशिप में 50 पद तथा ग्रुप क्रेडिट ऑफिसर जीसीओ में 30 पद रिक्त है।

### जिले में 167.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 1 जुलाई तक 167.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 34.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 223.9 मिली मीटर, पुसौर में 258, खरसिया में 134.5, घरघोड़ा में 188.6, तमनार में 112.2, लैलूंगा में 161.1, मुकडेगा में 187.4, धरमजयगढ़ में 84.5, छाल में 166.2 एवं कापू में 157 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### फाउंडेशन का पौधरोपण अभियान आरंभ

**रायगढ़।** 1 जुलाई को रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा आयोजित पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान को तीन महीने तक चलाने का लक्ष्य रखा गया है जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र का विस्तार करना है। इस अवसर पर श्रीमती द्रौपदी देवी और सुनील रामदास ने अभियान की शुरुआत करते हुए रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना है, जिससे कि समाज का रूझान पर्यावरण संरक्षण के प्रति बढ़े और आने वाले ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्या से निजात पाया जा सके। रामदास द्रौपदी फाउंडेशन द्वारा समाज में जागरूकता के साथ .साथ पौधरोपण हेतु फाउंडेशन द्वारा आठ आठ फुट के पौधे लोगों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं जो कि मुक्त कंठ से प्रशंसा योग्य कार्य है। रामदास द्रौपदी फाउंडेशन के चेयरमेन सुनील रामदास ने इस अवसर पर कहा कि हमारा उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षित करना और अगली पीढ़ी के लिए एक हरित भविष्य सुनिश्चित करना है।

### एसबीआई पुसौर शाखा में मनाया गया बैंक डे

**पुसौर।** तहसील मुख्यालय पुसौर में लगभग 40 वर्ष पूर्व से स्थापित भारतीय स्टैट बैंक जहां अपनी सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाते हुए आया है वहीं प्रत्येक अवसरों को भी अपने ग्राहकों के साथ साझा करते हुए आ रहा है। आज के स्थिति में उक्त बैंक के 52000 से अधिक छोटे बडे ग्राहक है और 250 करोड का व्यवसाय है। इसमें कृषि के ही 3000 से अधिक ग्राहक है और इस प्रकार उक्त बैंक ने अब तक 320 करोड का लोन वितरण किए हैं उक्त तथ्य बैंक डे पर ग्राहकों के बीच शाखा प्रबंधक मधुकर ने अवगत कराते हुए गेट टू गेदर किया और सभी को चाकलेट वितरण करते हुए उत्तरोत्तर प्रगति करने के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी।

### विनोबा नगर में उठी वार्ड परिसीमन की मांग

**रायगढ़।** नगरीय निकाय चुनाव के पूर्व वार्डो के परिसीमन की प्रक्रिया के दौरान शहर के वार्ड क्रमांक 25 विनोबा नगर के लोगों ने अपने वार्ड का परिसीमन कर इसे वार्ड 24 में समायोजित करने की मांग की है। एसडीएम को सौंपे आवेदन में नागरिकों ने बताया कि उनका वार्ड 24 और 25 दो वार्डो में बटा हुआ है। जिसकी वजह से उन्हें हर कार्य में परेशानी होती है। वार्ड का आधा हिस्सा रेल लाइन के बाद कौहाकुंडा में होने के कारण शासन की योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाई भी होती है।

## रायगढ़ घरघोड़ा मार्ग पर कार और ट्रक की टक्कर, आधा दर्जन घायल

# सड़क हादसे में कार चालक की मौके पर मौत, युवती ने अस्पताल में तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

रायगढ़ घरघोड़ा मार्ग पर बीते सोमवार रात रिंकू ढाबा के समीप एक ट्रेलर व क्रेटा कार के बीच जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि क्रेटा चालक की तो मौके पर ही मौत हो गई, वहीं कार में सवार घरघोड़ा के मित्तल परिवार से संबंधित चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए जिन्हें पूंजीपथरा पुलिस की मदद से जिंदल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उनकी स्थिति नाजुक बताई जा रही थी। इनमें से एक अन्य घायल युवती ने मंगलवार सुबह दम तोड़ दिया।


सड़क हादसे में कंडम हुई कार।


राहत व बचाव कार्य में जुटे प्रत्यक्षदर्शी तथा प्रशासनिक अमला।

बता दें कि बीते सोमवार की रात साढ़े 9 बजे लाखा गेरवानी के रिंकू ढाबा के पास ट्रेलर और क्रेटा कार में जोरदार भिड़ंत हो गई थी। इस हादसे में जहां चालक सुरेन्द्र पैंकरा की मौके पर ही मौत हो गई थी वहीं चार युवक तनय मित्तल, दिपांशु मित्तल, हर्ष अग्रवाल और आयुषी अग्रवाल घायल हो गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों द्वारा घटना की जानकारी तत्काल पूंजीपथरा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार में फंसे घायलों को लहूलुहान स्थित में बाहर निकाला गया और उन्हें तत्काल डायल 112 के माध्यम से जिंदल अस्पताल रवाना किया गया। गंभीर रूप से घायलों में हर्ष अग्रवाल, आयुषी अग्रवाल, दीपांशु मित्तल व तनयं मित्तल शामिल हैं। जिनका उपचार जिंदल अस्पताल में किया जा रहा था जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई थी। जानकारी के मुताबिक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई 23 वर्षीय आयुषी अग्रवाल का 2 जुलाई को सुबह उपचार के दौरान निजी अस्पताल में निधन हो गया। उसके शव का पोस्टमार्टम कर पार्थिव शरीर को रायपुर रवाना कर दिया गया है। आयुषी अपने भाई के साथ अपने मामा और मौसी से मिलने रायगढ़ आई हुई थी। रायपुर के समता कॉलोनी स्थित अग्रवाल ट्रांसपोर्ट के यहां की लड़की है। आयुषी अभी मेडिकल की पढ़ाई कर रही थी। इस घटना में घायल अन्य लोगों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। नगर विधायक एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने घटना पर अपनी संवेदना व्यक्त की है।

# नए कानून के तहत जूटमिल थाने में दर्ज हुआ पहला मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- बीएनएस के धाराओं के अंतर्गत अपराध दर्ज
- लैलूंगा और पुसौर में भी नई धाराओं में दर्ज हुए मामले

लागू नवीन धाराओं के तहत रायगढ़ जिले के थाना जूटमिल में प्रथम अपराधिक मामला सड़क दुर्घटना का दर्ज किया गया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह रिपोर्टकर्ता सुनील भास्कर पिता जवाहर भास्कर निवासी सरसिंवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ हाल मुकाम छोटे भंडार पुसौर द्वारा थाना जूटमिल में उसके रिस्तेदार साढू सुभाष नारंग निवासी ग्राम रामभांठा सरसिंवा के एक्सीडेंट की जानकारी देकर रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि सुबह इसकी साली प्रीति नारंग मोबाइल पर कॉल कर बताई कि अपने पति सुभाष नारंग, बच्चों के साथ मोटरसाइकिल में गांव से रायगढ़ आ रहे थे। कोड़ातराई और पटेलपाली के मध्य सुबह करीब 07.15 बजे से सामने से आ रहे एक एचएफ डीलक्स मोटर सायकल के चालक द्वारा तेज और लापरवाही चलते हुए सामने से ठोंकर मार कर भाग गया जिससे तीनों बाइक समेत नीचे गिर गए। दुर्घटना से पति सुभाष नारंग को चोटें आई है जिन्हें आरएल अग्रवाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। थाना जूटमिल में दुर्घटना कारित करने वाले आरोपी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल के चालक पर धारा 281, 125, भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पूर्व में सड़क दुर्घटना के इस अपराध में भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाता था।

इसी प्रकार पूर्व में आकस्मिक मौत की मृत्यु की सूचना पर धारा 174 सीआरपीसी के तहत मर्ग पंजीबद्ध किए जाते थे। आज थाना लैलूंगा और कापू में आकस्मिक मौत की सूचना पर धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया है। पुसौर थाने में भी घरेलू हिंसा संबंधी मामले में बीएनएस की धारा 170, 126, 135(3) के तहत के प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

# रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाएं बढ़ाने और पलायन रोकने का उद्देश्य



**रायगढ़।** जिले में पुसौर विकासखंड की विकास यात्रा में अदाणी समूह का अदाणी पावर लिमिटेड प्रमुख किरदार निभा रहा है। क्षेत्र में स्थापित एक शक्तिशाली विद्युत संयंत्र ने इस क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

वहीं इसके विस्तारण से पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ सामुदायिक सहभागिता को ध्यान में रखते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, और आजीविका के क्षेत्रों में निरंतर किये गए प्रयासों से पुसौर ब्लॉक के निवासियों का जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार सुनिश्चित होंगे साथ ही हजारों रोजगार और स्वरोजगार की संभावनाएं भी सुनिश्चित होंगी। आस पास के गांवों में बेहतर स्वास्थ्य और देखभाल के लिए कई स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया है। मोबाईल मेडिकल वैन के माध्यम से प्रतिदिन निःशुल्क उपचार और दवाई वितरण किया जा रहा है। खास तौर पर ब्लड प्रेशरए मधुमेह के रोगी, बुजुर्गों एवं महिलाओं को मेडिकल वैन से लाभ मिल रहा है। पिछले एक साल मे कुल 671 स्वास्थ्य कैम्प आयोजित किए गए जिसमें कुल 21235 लोगों को लाभ मिला है। सामुदायिक विकास के लिए सामुदायिक भवन का निर्माण, खेल मैदान का निर्माण, सीसी रोड का निर्माण, तालाबों का गहरीकरण, सामुदायिक शेड इत्यादि का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही बालिकाओ के लिए निःशुल्क कबड्डी प्रशिक्षण कार्यक्रम और राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन भी किया गया। इस सभी कार्यक्रमों के साथ ही विशेष दिनों पर भी आयोजन किए है।

# थानों में नए आपराधिक कानून क्रियान्वयन उत्सव

**तमनार।** रायगढ़ जिले के तमनार, पूंजीपथरा थाना में नवीन आपराधिक कानून 2023 क्रियांवयन उत्सव 1 जुलाई को आयोजित किया गया। जन प्रतिनिधीगण एवरिष्ठ नागरिक, तहसीलदार, अधिवक्ता, व्यावसायी, पत्रकार, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी, कोटवार, आम नागरिको को पुलिस विभाग द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से नए कानून को लेकर जानकारी दी गई। आम नागरिकों ने पुराने जगह नए अर्थात दंड संहिता से न्याय संहिता को ऐतिहासिक व सराहनीय बताया।

उल्लेखनीय है कि तीन नए आपराधिक कानून. भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गए हैं। नये कानून लागू होने पर सबसे बड़ा बदलाव होगा पुलिस की जांच व अनुसंधान का तरीका बदलेगा। थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर ने नये कानून के प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी। विशेष रूप से



महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख प्रावधानों को भी बताया गया।
डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा मिलेगा। जिसमें गंभीर अपराध के घटना स्थल पर उपलब्ध वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए जाएगा। घटना की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी पर जोर रहेगा। अपराध में मोबाइल फोन, इंटरनेट मीडियाए इंटरनेट के बढ़ते उपयोग में पुलिस पदाधिकारी को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य एकत्र न्यायालय में पेश होंगे। खास का साइबर अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई होगी।

### नए कानून का क्रियान्वयन उत्सव मना थाना पुसौर में

**पुसौर।** समूचे भारत वर्ष में 1 जुलाई से 1850 से चल रहे अंग्रेजी कानुन को बदल कर भारतीय न्याय संहिता, नागरिक सुरक्षा अधिनियम एवं साक्ष्य अधिनियम के तहत नवीन धाराओं में लाए गए कानून को लागू हुआ है इस परिपेक्ष्य में थाना प्रभारी बीके बंजारे एवं थाना परिवार व थाना क्षेत्र के सभी गणमान्य लोगों के बीच इसे एक उत्सव के रूप में साझा किया गया। उक्त कार्यक्रम थाना क्षेत्र के 120 ग्रामों के कोटवार संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच तथा नगर पंचायत पुसौर के जनप्रतिनिधि सहित अन्य लोगों के आने के बाद ठीक 11 बजे थाना कार्यालय में प्रारंभ हुआ जिसमें सर्वप्रथम टीआई बनजारे ने बताया कि पुर्व में भारतीय दंड संहिता के नाम से धाराएं होती थी वहीं अब वह भारतीय न्याय संहिता के नाम से धारायें होगी जो बदली हुई होगी। इसके तहत इन्होंने कुछ महत्वपूर्ण अपराधिक धाराओं को लेकर प्रकाश डाला।

# खस्ताहाल रोड से रोज हो रही दुर्घटना, संज्ञान ले प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

बरसात के पूर्व से ही सरिया पुसौर कोडातराई तक रोड खराब था वहीं अब बरसात हो जाने से इस रोड का और खस्ताहाल हो गया है केवल यही नहीं इससे तो और जर्जर बोरोडीपा पेट्रोल पंप के बगल से गई रायगढ रोड के मुहाना इतना खराब है जहां रोज दुर्घटनाएं हो रही है वहीं कुछ लोग बाल बाल बच रहे है।

इन रोडों के लगभग प्रत्येक आधा किलोमीटर में जहां गड्ढा है वहीं रोड का सोल्डर ठीक से ड्रेसिंग न होने की वजह से धंस रहा है ऐसे स्थिति में भारी वाहनें साइड नहीं देते हैं तो बाईक सवार लोग डामर रोड से निचे उतरते हैं जो आए दिन गिरते पडते दिखते हैं ऐसे स्थिति में कभी वो भारी वाहन के चपेट में भी आ सकते हैं जैसा कि पूर्व में देखा गया है। बोरोडिपा से कोसमंदा एनटीपीसी रोड का भी जगह जगह यही हाल है जहां रोड में पानी बिखरा होता है जिसमे वाहने चलने से राहगीरों के शरीर में रोड का पानी छिटकता रहा है। उल्लेखनीय है कि बोरोडिपा के मुहाने का खराब रोड का दंश क्षेत्र के लोगों को पिछले 10 साल से झेलना पडा है जिस पर शासन प्रशासन में रहे लोगों ने इसके हल करने के लिए कोई कदम नही उठाया है।

### सेवानिवृत शिक्षक को दी गई विदाई

**घरघोड़ा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औराईमुड़ा में पदस्थ रामशरण शर्मा अपनी शासकीय सेवा की अर्धवार्षिक की पूर्ण कर 30 जून 24 को शासकीय सेवा से सेवानिवृत हो गए रामशरण शर्मा मूलत बेलचेरी तखतपुर जिला बिलासपुर के निवासी हैं एउनकी शिक्षा स्नातक तक है शासकीय सेवा में प्रथम नियुक्ति 21 मार्च 1992 को खमरिया बरमकेला में हुई उसके पश्चात बिरनीपाली डूंगरी पाली, पड़की दीपा, के पश्चात अक्टूबर 2013 में इस विद्यालय में पदस्थ हुए, अक्टूबर 2013 से 30 जून तक इसी विद्यालय में अपनी सेवाएं दी है।

### थाने में लोगों को किया गया जागरूक



**सरिया।** देश में आज से तीन नए कानून प्रभावी हो गए हैं। इसके लिए सरिया थाना में भी पाठशाला का आयोजन किया गया। आम नागरिकों को नए कानून के बारे में पाठशाला के माध्यम से जानकारी दी गई। थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने पाठशाला में नए कानून के संबंध में सारी जानकारी दी। पुलिसिंग और न्याय व्यवस्था को मजबूत प्रदान करने के लिए बनाए गए तीन नये आपराधिक कानून को बताने के लिए थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने स्थानीय एवं अंचल के नागरिकों को आमंत्रित किया। जिसमें नये कानून के प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी गई। विशेष रूप से महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख प्रावधानों को भी बताया गया। थाना प्रभारी ने कहा कि नये कानून लागू होने पर सबसे बड़ा बदलाव होगा कि पुलिस की जांच व अनुसंधान का तरीका बदलेगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा मिलेगा। जिसमें गंभीर अपराध के घटना स्थल पर उपलब्ध वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए जाएगा। घटना की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी पर जोर रहेगा। अपराध में मोबाइल फोनए इंटरनेट मीडियाए इंटरनेट के बढ़ते उपयोग में पुलिस पदाधिकारी को इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य एकत्र न्यायालय में पेश होंगे। खास का साइबर अपराधों के मामलों में त्वरित कार्रवाई होगी। थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने आज 1 जुलाई को थाना परिसर में नए कानून को लेकर पाठशाला का आयोजन किया।

### नए कानून की जानकारी देने खरसिया में कार्यशाला



**खरसिया।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे प्रभात पटेल एसडीओपी खरसिया के मार्गदर्शन पर खरसिया पुलिस विभाग द्वारा सोमवार को स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम ठाकुरदीया खरसिया में नवीन आपराधिक कानून 2023 पर आधारित कार्यशाला दंड संहिता से न्याय संहिता की ओर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया, प्रभात पटेल थाना प्रभारी, कुमार गौरव साहू चौकी प्रभारी, संजय नाग, अधिवक्तागण, पत्रकार व आम लोगों के बीच एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग नए कानून को जानने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिए। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी कुमार गौरव साहू ने बताया कि 01 जुलाई से देश भर में नए कानून लागू कर दिया गया है। आज से सभी आपराधिक नए कानून के तहत दर्ज किए जाएंगे। आई पी सीए सीआरपीसी एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह तीन नए कानून न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हुए हैं। नए कानून के तहत एफआईआर से लेकर फैसला तक का समय सीमा तय कर दिया गया है। अब नए कानून में दंड के जगह न्याय पर बल दिया जाएगा।

# जून में हर दिन जिले में बनाए गए एक हजार आयुष्मान कार्ड

**रायगढ।** जिले में छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड निर्माण का काम तेजी से जारी है। पिछले एक माह में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर पूरे जिले में अभियान चला कर 30 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य और पंचायत विभाग जमीनी स्तर पर मुहिम चला रहा है। गांव गांव में कैंप लगाकर छूटे हुए लोगों के कार्ड बनाए जा रहे हैं। प्रतिदिन विकासखंडवार कार्ड निर्माण के कार्य की प्रगति की मॉनिटरिंग की समीक्षा की जा रही है। जिसका परिणाम रहा कि 30 हजार लोगों से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड का निर्माण कर लिया गया है। कलेक्टर श्री गोयल ने पूरे जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को मिशन मोड में करने के निर्देश दिए है। जिस पर सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव द्वारा जिले के विभिन्न विकासखण्ड में दौरा कर आयुष्मान कार्ड प्रगति की समीक्षा कर रहे है। इसके साथ ही कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष प्लानिंग कर लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में



कार्य किया जा रहा है। जिससे स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लॉकवार गांवों में नियमित रूप से शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। जिसके तहत जून माह में विकासखण्ड पुसौर में 2020, रायगढ़ में 3641, खरसिया में 3231, तमनार में 3140, घरघोड़ा 1999, लैलूंगा 4650, धरमजयगढ़ 12609 इस तरह कुल 31 हजार 290 आयुष्मान कार्ड बनाए गए है। इस तरह जिले में अब तक कुल 9 लाख 13 हजार 644 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है।

# जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर

**रायगढ़।** जिला न्यायाधीश अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में सोमवार जिला जेल का भ्रमण किया गया। साथ ही विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवेंद्र साहू के द्वारा आयोजित शिविर में बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नहीं हैं उनकी ओर से लीगल एड डिफेंस कौसिल, पैनल अधिवक्ता, प्रतिधारक अधिवक्ता द्वारा मामले में पैरवी करने तथा जमानत आदि की कार्यवाही करने के बारे में बताया गया। छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में हैं, उनके मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा त्वरित संज्ञान लेने तथा संबंधित न्यायालय में जमानत आवेदन दाखिल कराए जाने हेतु सचिव श्रीमती अंकिता मुदलियार को निर्देशित किया गया। साथ ही ऐसे बंदी जिनकी जमानत स्वीकृत हो गई है, किन्तु किसी असमर्थतता के कारण जमानत प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे मामलों में धारा 440 दप्रस के अन्तर्गत आवेदन संबंधित न्यायालय में दाखिल कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही कैदियों को मिलने वाली भोजन व मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया गया। जिला जेल से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर जेल की क्षमता, बंदियों के लिए विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से मुलाकात करने एवं न्यायालय पेशी में उपस्थित होने के संबंध में समीक्षा ली गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के द्वारा जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया गया।

### लायन्स क्लब ने मनाया डॉक्टर्स और सीए डे

**खरसिया।** अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सक और सीए दिवस के अवसर पर नगर के सबसे बड़े समाजिक संगठन लायन्स क्लब खरसिया के सदस्यो ने नगर के सेवा भावी चिकित्सकों और देश की आर्थिक व्यवस्था के कर्णधार सीए का सम्मान करके चिकित्सकों और सीए का मान बढ़ाया। बता दे कि लायन्स क्लब के वार्षिक सत्र की शुरुआत आज 1 जुलाई से प्रारंभ होकर आगामी 30 जून तक होती हैं और लायन्स क्लब खरसिया सिटी, सत्र की शुरुआत सेवा और सम्मान से प्रारंभ करके, पूरे सत्र सतत सेवा की कार्य करती हैं। लायन्स क्लब खरसिया सिटी के सत्र 2024-25 के नवनिर्वाचित पदाधिकारी लायन रामनारायण सोनी क्लब के सचिव वरिष्ठ लायन अनिल अग्रवाल और कोषाध्यक्ष वरिष्ठ लायन सत्येंद्र गवेल हैं। संस्था वर्षो से डाक्टर्स और सीए डे मनाती आ रही है।



